**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**23.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**मंत्रिमंडल बैठक**

राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को 9 सौ 57 करोड़ रुपये का ऋण देने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कैग रिपोर्ट पेश करने, जमाबंदी को डिजिटल करने और नगर निगम चुनाव टालने जैसे कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने पंचायती राज संशोधन विधेयक को भी स्वीकृति दी है, जिसमें जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस दौरान विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र में वर्ष, 2023–24 की कैग रिपोर्ट को भी सभा पटल पर रखने को मंजूरी दी है। सत्र के दौरान लगभग 6 संशोधन विधेयक लाए जाएंगे और जी.एस.टी. के 5 और 18 फीसदी के स्लैब को भी सदन पटल पर रखा जाएगा।

---

**इसरो–राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन**

आज देश में दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन 23 अगस्त 2023 में चन्द्रयान–तीन मिशन के विक्रम लैंडर को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाने और प्रज्ञान रोवर को चन्द्रमा पर ले जाने की याद में मनाया जाता है। अंतरिक्ष दिवस समारोह के अंतर्गत, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने कल नई दिल्ली में दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में कई मंत्रालयों, निजी हितधारकों, शिक्षाविदों, स्टार्टअप्स और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। अंतरिक्ष विभाग पूरे महीने राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित करेगा और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और उसके अनुप्रयोगों से जोड़ने के लिये प्रेरित करेगा।

---

**सम्मेलन**

पीठासीन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन कल 24 अगस्त से नई दिल्ली में आयोजित होगा। जिसका शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी भाग लेंगे। इस सम्मेलन में विधानसभा परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और भारत के सभी राज्यों विधान मण्डलों के पीठासीन अधिकारी भी शामिल होंगे।

---

**अध्यापक संघ**

प्रदेश में लंबित महंगाई भत्ते की अदायगी न होने से कर्मचारी मायूस हैं और राज्य सरकार से इसका भुगतान जल्द करने की मांग कर रहे हैं। हिमाचल अध्यापक संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र चौहान ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कर्मचारियों का 13 फीसदी महंगाई भत्ता लंबित हो गया है और मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस वर्ष के बजट सत्र में मई महीने में 3 फीसदी डी.ए. देने की घोषणा की थी जो अभी तक नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द डी.ए. जारी नहीं किया तो कर्मचारी एकजुट होकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

---

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में आज दोपहर बाद वर्षा हुई। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आज से मॉनसून के एक बार फिर सक्रिय होने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि आगामी 27 अगस्त तक राज्य के विभिन्न स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। उन्होंने कहा कि 24 और 25 अगस्त को कुछ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

*27 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश का एक दौर शुरू होने की संभावना है इसी दौरान जो हमारे मध्यवर्ती डिसटिक है वहां पर हेवी टू हेवी रेन भी हो सकती है। फिर 23 अगस्त को कुछ डिस्टिक है कांगड़ा, कुल्लू, मंडी शिमला सिरमौर फिर हेवी टू हेवी रेन का ऑरेंज अलर्ट है और 24 अगस्त की बात करे तो कांगड़ा सिरमौर के लिए ऑरेंज अलर्ट है अगस्त माह की बात करे तो 32 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है।*

प्रदेश में बीते दिनों हुई भारी वर्षा से अभी तक एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 3 सौ 38 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा एक सौ 72 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 33 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। राज्य में वर्षा जनित घटनाओं में 2 सौ 95 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 अभी भी लापता हैं।

---